ॐ

सत्यार्थप्रकाशस्थ शब्दार्थ भानुकोष

जिसको

त्यागी शब्दार्थ भानु के रचिता तथा भूत पूर्व संस्कृत
टीचर बी० स्कूल देवबन्द जिला बिजनौर
महुवा ग्राम निवासी श्रीमान् पण्डित
ब्रह्मानन्द शर्मा, जी महाराज
यजुर्वेदी ने निर्माण किया

तथा

उनके भ्राता पं० **मुरारी दत्त शर्मा, कविराज**
ने
संशोधन किया

और

लाला कर्मचन्द युगलकिशोर जी अमृतसर
निवासी ने अपने व्यय से

सम्वत १९७१ दयानन्दाब्द ३१

बाम्बे मैशीन प्रैस लाहौर में छपवाया ॥

प्रथमवार २०००] [मूल्य ॥)

जो भूमिका में नियोग आदि के बारे में लिखे
है वह किसी विशेष कार्य से नहीं छप सका उनकी
२०० दरख्वासतें आने पर प्रथक छपवाया जावेगा।
शीघ्र दरख्वासतें आनी चाहियें—

निवेदक :—

पं० ब्रह्मानन्द शर्म्मा, यजुर्वेदी

मिलने का पता :—

लाला ब्रजलाल, युगल किशोर जी

ढुण्डा तालाब आखाड़ा रुखड़

अमृतसर

ओ३म्

भूमिका।

प्रिय पाठको!

प्रत्येक जाति की उन्नति उसके पूर्वजों के बनाये ग्रन्थों पर निर्भर है। और उनग्रन्थों से भी उस अवस्था में होती है। जबकि उनके प्रत्येक शब्द के अर्थ संबन्ध का पूर्ण ज्ञान प्राप्त किया जाये। इस न्यायानुसार तथा स्वानुभव से मेरा विचार भी इस ग्रन्थ (सत्यार्थ प्रकाशस्थशब्दार्थभानु) के बनाने का हुआ। क्योंकि मैं जब प्रथम बार ही अध्यापनविधि में प्रवृत्त हुआ और मुजफ्फर नगर प्रान्त के बलों नगर पाठशाला में सत्यार्थ प्रकाशादि स्वामीजी के ग्रन्थों के पढ़ने वाले अनुमान १५ के आने लगे उनमें कई भाषा को अच्छे प्रकार पढ़ते थे परन्तु सत्यार्थ प्रकाश के अनेक शब्दों का अर्थ उनको प्रतीत नहीं होता था। एवम फलौदि जाने पर अनुभव में उन्नति हुई। परन्तु विशेष परिचय इस बात का मुझको सहारनपुर प्रान्त के देवबन्द नागरीय-ए० वी० स्कूल में जाने और वहां पर विद्यार्थी आश्रम (बोर्डिङ्ग) का प्रबन्ध करते हुये ७० विद्यार्थियों को धार्मिक शिक्षा में सत्यार्थ प्रकाश पढ़ाने से हुआ। इस प्रकार की शिक्षा का विद्यार्थी आश्रम में होना-श्रीमान् त्यागि ब्राह्मण कुलोत्पन्न-बाबूलोकचन्दजी बी. ए. हेडमास्टर साहब के उत्साह का फल था जिनसे मुझमें भी बड़ा परिवर्तन हुआ परन्तु वहां पर देखा गया कि जिन विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी (८ वीं) पर्यन्त भाषा और संस्कृत ही लीथी वेभी सत्यार्थ प्रकाश के अनेक शब्दों का अर्थ नहीं निकाल सकते थे। इससे अनुमान हुआ कि साधारण भाषा जानने वाले तो बहुत ही कम शब्दों को समझते होंगे। और यह भी अनुभव हुआ कि बहुत से मनुष्य सत्यार्थ प्रकाश मूल तो बड़े उत्साह के साथ लेते हैं परन्तु जब पढ़ने बैठते हैं तो समझ में नहीं आता ऐसी अवस्था में या तो सदैव के लिये उठा के रखदेते हैं वा किसी अपने पौराणिक पाण्डे

से उसके अर्थ लगवाने लगजाते हैं वह कुछ का कुछ ही बतलाकर अपने पीछे लगने का प्रयत्न करता है। और अन्ध के पीछे अन्ध वत चलकर निमग्न होजाते हैं। इस कारण मैने जो शब्द क्लिष्टानुभव किये उनको सत्यार्थ प्रकाश से प्रथक करके (सत्यार्थ के पाठकों की सुगमता के लिये) पुस्तक रूप में सर्व सज्जनों के समक्ष करता हूं। और आशा करता हूं कि कृपा शालि पुरुष इसको ग्रहण करके मुझको कृतार्थ करेंगे। अस्तु॥

इस में तीन कोष्ट प्रत्येक पृष्ट पर बनाये गये हैं। उनमें से प्रथम में मूल ग्रन्थ के संस्कृत शब्द हैं। दूसरे कोष्ट में अर्थ लि है और तीसरे में विशेष व्याख्या तथा भाषान्तरों से शब्द पर्या लिखे हैं। फिर प्रत्येक पृष्ट पर इस कोश में जो शब्द आये है उन प्रथक २ सूचि देकर शब्द संख्या लिख दी। इस सूचि के होने शब्द के निकालने में देर किंचिद् भी न लगे गी। यद्यपि स शब्द अकारादि क्रम से लिखे हैं तदपि सूचि के होने से अत्य सुगमता होगई है तदन्तर स्वरादिकों की शब्द संख्या दीगई है उसके पीछे नियोगादि शब्दों पर नोट लिखकर समाप्त किया गया है।

इसकी निर्विघ्न समाप्ति जिस परम ब्रह्म परमात्मा की महति कृपा से आज सम्वत् १९७० विक्रमि ४ श्रावण को करता हूं उसको अतिः धन्यवाद है। तथा उनमहाशयों का भी धन्यवाद करता हूं कि जिनकी कृपा से मैं इसके लिखने योग्य बना। उनमें से प्रथम नाम श्री० १०८ परमहंसपरिब्राज काचार्य स्वामी दर्शनानन्दसरस्वति स्वामीजी महाराज का है कि जिन के स्थापित किये वदायुं गुरुकुल में कुछ विद्या प्राप्त हुई। द्वितीय नाम सेठ सुन्दरदासजी अमृतसरी का है कि जिन्होंने कई वर्ष पर्य्यन्तभोजनादि के प्रबन्ध से पढ़ने का अवकाश प्रदानकिया। एवम अन्यान्यसहायकों का भी अत्यन्त धन्यवाद करता हूं। ओ३म् शम३

पं० ब्रह्मानन्द शर्म्मा।

संस्कृत शब्द	भाषार्थ	विशेष व्याख्या तथा भाषान्तर से पर्य्याय
अ	अ	अ
अभिप्राय	मतलब	किसी बात वा लेख के सत्य स्वरूप को जानने का नाम अभिप्राय है।
अवश्य	जरूर	जिसके विना वह कार्य्य पूरा न हो जिससे वह वस्तु नियुक्त करनी है। उसको अवश्य कहते हैं॥
अनर्थक	जो अर्थ वाला न हो	किसी शब्द पद वाक्य अथवा मंत्र आदि के सत्य अर्थ छोड़ कर उलटे करदेने का नाम अनर्थक है उसको फारसी में खराब कहते हैं॥
अप्रसिद्ध	छिपा हुआ जो मशहूर नहीं	जो नेत्रों और कानों से नहीं दीखना और न सुना जाता उसे अप्रसिद्ध कहते हैं॥
अप्रमाण	जो प्रमाणिक न हो	प्रमाण आठ होते हैं अर्थात् १ प्रत्यक्ष २ अनुमान ३उपमान॥आदि
अग्राह्य	जो ग्रहण करने योग्य नहीं	जैसे झूठ बोलना और मद्य मांसादि वस्तु॥
असम्भव	जो हो न सके	जैसे आकाश के फूल गधे के सींग वन्ध्यास्त्री के पुत्र के पुत्र का विवाह यह बात तीन काल में भी नहीं होसकती इस लिये असम्भव है इसीप्रकार की और बातों को भी असम्भव कहते हैं॥

	संस्कृत	भावार्थ	व्याख्या
८	अखिल	आश्रय वाला या जिसकी गिनती न होसके समस्त	जिसमें पूरी ताकत अर्थात् सामर्थ्य हो, उसको अखिल कहते हैं। और अखिलका बेशुमार भी अर्थ है ॥
९	अचर	जो चल न सके	जैसे पाषाण वृक्ष आकाशादि वस्तु
१०	अर्थबोध	अर्थ का बोध होना	किसी शब्द के आन्तर्य भाव को समझने का नाम अर्थ बोध है।
११	अविरोध	वैर भाव का न होना	सब प्राणियों में अपने सदृश दु:ख सुख होता जानकर उसको मन वचन और काया से दु:ख नहीं पहुंचाने का नाम अविरोध है
१२	अयन	तीन ऋतु या जिस [illegible] करके रास्ता चला जाय रेल आदि सवारी और घर	अर्कस्य दगानी उत्तरायणम् अयनं गच्छति अर्कः अनेन अयगतौल्युट पूर्व पशात्मन्नायमग, इति णत्वम दक्षिणागतिस्तु दक्षिणायनम् एवम् द्वे अयने एकावत्सरः अयनं अनेन इति अयनम् अयनम् पथिगदे ऽर्कस्यो दग्दक्षिण, तो गतौ इति हेमन्त सूर्य्य की उर्ध गति को दक्षिणायन

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
			कहते हैं, अर्थात् जिस करके सूर्य्य की उर्ध्वगती हो, उसको अयन कहते हैं. अथवा मनुष्य जिस करके एक स्थान से दूसरे पर जासके ऐसी जो सवारी उनका नाम अयन है संस्कृत में प्रमाण दिये हैं, उनको देखो घर का नाम भी अयन है।
१३	अवयव—	टुकड़ा-हिस्सा भाग-टोटा।	किसी एक वस्तु को चार जगह किया जावे तो वह एक जगह का दूसरी जगह वाले का अवयव कहलावेगा यथा-किसी वृक्ष की एक शाखा को उस वृक्ष का अवयव कहेंगे। और इस ही प्रकार हम अपने हाथ या पग को अपने शरीर का अवयव कहेंगे। इत्यादि।
१४	अंग	अवयव+१ सम्बोधनार्थ+ द्विवारा अर्थ में भी- आता है, जोड़	यह शब्द इन ४ अर्थों में आता है-अर्थात्-अवयव-सम्बोधन— अर्थात् किसी को बुलाने में द्विवारा अर्थात्-एकवार जो कहा गया, वा कियागया, अथवा हो गया तदन्तर यदि वहि क्रिया फिर कहनी वा होनी हो, तो वहां अङ्ग शब्द आवेगा, और जोड

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
			अर्थ ऐसे स्थान में होता है-जैसे कोई कहे कि मेरे अङ्ग में पीड़ा है तो जानो कि इसके किसी जोड़ में दर्द है।
१५	अविनाशी	जिसका नाश न हो	अविनाशी उसको कहते हैं-जो भूतभविश्यत और वर्तमान काल में एकसार है, पैदा होना, मरना, तथा शिशुयुवा, वृद्धत्वादि-अवस्थान्तर को प्राप्त न हो।
१६	अनुमान	आठ प्रमाणों में से एक का नाम अनुमान है।	कारण को देखकर कार्य्य को जानना, और कार्य को देखकर कारण को जानना, अर्थात्-किसी वस्तु के एक अङ्ग को देखकर सर्व वस्तु का ज्ञान हो जाने को अनुमान कहते हैं, यथा, कोई मनुष्य किसी स्थान में धुवां उठता देखे तो वह जान लेगा कि वहां अग्नि अवश्य है, अब यह जो अग्नि का जानना है, यही अनुमान है, इस प्रकार अनेक पदार्थों में अनुमान होता है।
१७	अमूल्य	बेमोल—	जिस वस्तु का कुछ मूल्य अर्थात कीमत नहीं हो सकती उसको अमूल्य कहते हैं, जैसे मनुष्य जन्म।
१८	अभिमान	घमण्ड। अपने आपको बड़ा मानना	अभिमान तीन प्रकार का होता है धनका-बलका, तथा बुद्धि का,

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
			इनतीनों को जो अपने आप में वड़ा मानता है, वह अभिमानी घमण्डि कहाता है।
१९	अधिक	ज्यादाह।	जब दो वस्तुओं को लें तो जिस के वाझ से तुलाकी डण्डि नीचे की ओर झुके उसका नाम अधिक है इसी प्रकार पैमाने आदि से भी जानलेना।
२०	अज	जो उत्पन्न न हो	जैसे ईश्वर-जीव, और जगत का कारण प्रकृति कभी उत्पन्न [पैदा] नहीं हुवे-इनको अज कहते हैं।
२१	अभाव-	न होना वा नाश	किसी वस्तु के न होने और नष्ट हो जाने को अभाव कहते हैं, इसको फार्सी में अदम मौजूदगी कहते हैं अभाव चार प्रकार का है यथा प्रगाभाव, जो प्रथम नहीं था, प्रध्वंसाभाव जो हो करनार है, एक की अपेक्षा एक का, जैसे गौ में घोड़े और घोड़े में गौ का अत्यन्ता भाव जो तीन काल में भी न हो।
२२	अत्याव-श्यक	बहुत ज़रूरी जिसके बिना कार्य सिद्धनहो	किसी कार्य को करते हुवे वह कार्य जिस वस्तु के बिना पूरा न होसके वह वस्तु उसकार्य के प्रति-अत्यावश्यक है।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
२३	अखण्डित	पूरा	जिस को तोड़ा न गया हो और किसी प्रकार की न्यूनता न हो, उसको अखण्डित और पूरा कहते हैं ॥
२४	अनुष्ठान	अभ्यास	किसी कार्य्य के सम्पूर्ण करने के निमित्त उसमें तन मन धन से लग जाने का नाम अनुष्ठान है ।
२५	अधोगति	नीचे गिरना	धर्मार्थ काम मोक्ष सम्बन्धी कार्य्यों को त्याग कर अधर्माचरण करने का नाम अधोगति होता है ।
२६	अत्यन्त कामातुरता	लिङ्गेन्द्रिय के वश होजाना	जो वैश्यादि गमनार्थ अत्यन्त इच्छा करता हो और न मिलने पर दुःखी होता हो उसको कामातुर कहते हैं ।
२७	अनुरोध	रोक अनुकूलता	अनुरोधः अनुवर्त्तनम् द्वे आनुकूल्यस्येति अमरः । रोकने रूप क्रिया और अनुकूलता में रहने को अनुरोध कहते हैं ।
२८	अनध्याय	पाठशाला सम्बन्धी छुट्टी	जो विद्यार्थियों को पाठशालाओं के अध्यापक दिन नियत करते हैं जैसे अष्टमी, प्रतिपदा, या एतवार का दिन है उनको अनध्याय कहते हैं ।
२९	अनिन्दित	निन्दा रहित	जिसकी निन्दा (बुराई) न हो सके ।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
३०	अनुकूल	जैसा होना योग्य हो मर्जी के मुआफ़िक़	बुद्धि आदि के अनुसार होने को अनुकूल कहते हैं।
३१	अर्थापति	जिसमें बिना कहे अर्थ की प्रतीती हो	जैसे किसी ने किसी से कहा कि कारण से कार्य की उत्पत्ति होती है उसके विना कहे यह दूसरी बात सिद्ध है कि बिना कारण के कार्य नहीं हो सकता इस प्रकार के अर्थों को अर्थापति कहते हैं।
३२	अपर	जो पर न हो	जो किसी वस्तु से उरे हो उसको अपर कहते हैं और उस वस्तु को पर कहते हैं।
३३	अपरत्व	समीपता	जो दूर नहीं।
३४	अन्योन्या-भाव	वस्तुओं के आपस में एक न होने कानामहै	जैसे गौ में घोडा और घोडे में गो का अभाव है। इस परस्पर अभाव को अन्योन्या भाव कहतेहैं
३५	अत्यन्ता-भाव	कभी न होना	जो न प्रथम था न अब है न आगे होगा उसको अत्यन्ता भाव कहते हैं जैसे आकाश के फूल तीन काल में भी नहीं होसकते॥
३६	अपवाद सूत्र	विरोधि सूत्र	जो सूत्र पहिले सूत्र के अधिकार को हटाकर अपना अधिकार जमाले यथा आद्गुणः का वृद्धि रेचि बाधक है इनका विषय इस

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
	,,	,,	प्रकार का है जैसे एक राजा के
	,,	,,	राज्य में से दूसरा राजा थोड़ा
	,,	,,	देश स्वाधीन करले यह देशको
	,,	,,	दबाने वाला राजा पहिले राजा
	,,	,,	का अपवाद कहावेगा इसी प्रकार
	,,	,,	सूत्रों को जानों।
३७	अनित्य	जो नित्य न हो नाश होने वाला हो	जो कभी बने फिर बिगड़े उस को अनित्य कहते हैं जैसे कार्य्य रूप जगत कभी बनता फिरकारण में लीन होता है।
३८	अल्पलाभ	लाभ थोड़ा होना।	मूलधनादि द्रव्य के कालान्तर में अधिक होजाने रूप फल को लाभ कहते हैं मूल धनं लाभो ऽधिकं फल मित्यमरः। मूल-धनाधिकं निशपत्रं कालान्त-रेणः सलाभः स्यात्। इसको फार्सी में नफा या फायदा कहते हैं और इसके थोड़ा होने का नाम अल्प लाभ है।
३९	अल्पबुद्धि	थोड़ी समझ	जिसको बहुत समझाने पर भी बात ठीक समझ में न आवे उसको अल्प बुद्धि कहते हैं।
४०	अन्वय	पदों का मेलवा जिसके होने से जो हो वह उस का अन्वय होगा	किसी मन्त्र वा श्लोक के पदों को जोड़कर अभ्यासिक भाषा

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
	,,	,,	बनाने का नाम अन्वय कहाता है। यथा :-
	,,	,,	अश्वापयद् भीतये सहस्रा: त्रिंशतंहतै:दासानामिन्द्रो मायया।
	,,	,,	शब्दार्थ-अस्वापयत हनन किया है दमिति भयदान सहस्राश्रिंशत ३०००० मारने का हथियार दासानाय-दासों को। इन्द्र: राजा ने मायया बुद्धि से।
	,,	,,	अन्वय-राजा ने बुद्धि से भय दिखाने के हेतु ३०००० हज़ार दासों को मारने के हथियारों से मार डाला। इसी प्रकार सर्वत्र जानो।
४१	अनुक्रम पूर्वकम्	क्रम से बंधे हुए नम्बर वार	जो क्रम (नियम) पहिले से चला आया उसके अनुकूल चलने का अनुक्रम पूर्वक कहते हैं। इसको फार्सी में बाकायदे-बा-हस्ब दस्तूर कहते हैं।
४२	अयोग्य	जो योग्य न हो	जो जिस काम के करने मसमर्थ न हो उसको उस काम के अयोग्य कहते हैं। जैसे मृतक शरीर जीवों को लेकर चलने में असमर्थ है इसलिये उसको जीवित के ले

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
	,,	,,	चलने के अयोग्य कहेंगे ऐसे ही अन्यत्र जानना।
४३	असदृश	जो परस्पर बराबर न हो	जिनके गुण कर्म स्वभाव आपस में नहीं मिलते उसको असदृश कहते हैं।
४४	अप्रसन्नता	प्रसन्न न होना	नाराज़ रहना गुस्सह रहना रूठजाना आदि।
४५	अतिशय शोभा युक्त	बडी शोभा से मिली हुई	जिसके देखने से चित्त अत्यन्त प्रसन्न हो उसको अति शोभा युक्त कहते हैं इसको फार्सी में निहायत खूब सूरत कहते हैं।
४६	अनुवृत्ति	पिछली बात का प्रसङ्ग मिलाना	जैसे अष्टाध्यायी के हलन्त्यम सूत्र का अर्थ करने के लिये उपदेशऽजनुनासिक इत को मिलाते हैं (फा० जिकर)
४७	अधो	नीचे	,, ,, ,,
४८	अभिप्राय	ठीक अर्थ	किसी वाक्य के ठीक अर्थ को अभिप्राय कहते हैं। फारसी में मतलब बोलते हैं।
४९	अपूर्व	उत्तम	जो पाहिले न हो वा वर्तमान वस्तुओं में उत्तम हो उसको अपूर्व कहते हैं।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
५०	अदृष्ट	जो दृष्ट न हो	छिपा हुआ वा दिखाई न देने वाले को अदृष्ट कहते हैं ।
५१	अक्षयधन	जिसका नाश न हो ऐसा धन	जिस धन पर कभी कोई आ-क्रमण-वा नाश नहीं कर सकता उसको अक्षयधन कहते हैं जैसे विद्याधन को कोई नहीं छीन सकता ।
५२	अल्पायु	थोड़ी उमर	,, ,, ,, ,,
५३	अध्यापक	पढ़ाने वाला पुरुष	जो सत्य शास्त्रों को पढ़ावे उसका नाम अध्यापक है ।
५४	अध्यापिका	पढ़ाने वाली स्त्री	,, ,, ,, ,,
५५	अनुक्रम	क्रम वद्ध	जो एक के पीछे दूसरा होता है उसको अनुक्रम और फार्सी में नम्बरवार वा तर्तीबवार कहते हैं ।
५६	अरण्य	वन	जहां बहुत दूरतक वृक्षादि खड़े हों मनुष्य कम जा सकें उसको वन कहते हैं जैसा कांगड़ी गुरु-कुल के समीप है ।
५७	अधर्माचरण	धर्माचरण न करना	सत्य बोलना आदि कर्मों का त्याग और असत्य बोलने आदि

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
	,,	,,	में प्रवृत्त होने का नाम अधर्माचरण है ।
५८	अधिकार	अख्त्यार	किसी कार्य्य में व्यवस्था देने की शक्ति का नाम अधिकार है ।
५९	अन्य	दूसरा और	एक से भिन्न का नाम अन्य है ।
६०	अक्षय आनन्द	नाश रहित आनन्द	जिस आनन्द का बिन भोगे नाश न हो उसको अक्षयानन्द कहते हैं जैसे मुक्ती रूप आनन्द ।
६१	अयुक्त	जो युक्त न हो ठीक न हो	फार्सी में (नामुनासिब कहते हैं)
६२	असूया	ऐब ढूंढना	गुण में दो पल गाने का नाम भी असूया है ।
६३	अर्थदूषण	धन को बुरे कामों में लगाना	वैश्यागमन और मद्य मांसादि में अथवा मूर्ख ब्राह्मणों को दानादि करने और फिर वह धन पापाचरण में व्यय होकर जो दोष उत्पन्न होते हैं उन दोनों को अर्थ दूषण कहते हैं ।
६४	अत्यन्त उत्साहप्रातियुक्त	बहुत उमङ्ग से भरा हुआ	जो काम होने योग्य नहीं उसमें भी लगे रहने रूप क्रिया का नाम उत्साह है । उस से बहुत मिले हुए को अत्यन्त उत्साह प्रतियुक्त कहते हैं ।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
६५	अमात्य	मन्त्री (वज़ीर)	जो राजा का राज्य कार्य में हर समय सहारा देने वाला हो उस को अमात्य कहते हैं।
६६	अगमनीय	न गमन करने योग्य	जैसे दूसरे की स्त्री अथवा वेश्यादि गमन करने योग्य नहीं उनका नाम अगमनीय है।
६७	अध्यक्ष	अधिकारी मालिक अदालती	जैसे लाट साहब को अपने सूबे का अधिकार (अखत्यार) है इस लिये वह उसके अधिकारि है (अध्यक्ष है)।
६८	अलब्ध	जो न मिले	न मिलने वाली वस्तु को अलब्ध कहते हैं।
६९	असमर्थ	बेताकत	गरीब, लाचार जिसका कुछ वश नहीं चल सकता उसको असमर्थ्य कहते हैं।
७०	अर्थ संग्रह	धन एकत्रकरन	न्याय पूर्वक धन के कमाने को अर्थ संग्रह कहते हैं।
७१	अनुमति	कई मनुष्यों का मिला हुआ विचार	सलाह देने का नाम अनुमति है।
७२	अनुरागि	बहुत प्यार करने वाला	फार्सी में वामहुवत कहते हैं।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
७३	अन्तहपुर	रानियों केरहने का स्थान	राज्य महल ।
७४	अप्राप्त	जो नहीं मिले वा नहीं मिल सकना	,, ,, ,, ,,
७५	अविद्या	ठीक ज्ञान का न होना	अग्नि को अग्नि जानना विद्या है और जो विद्या से विपरीत है भ्रम अन्धकार और अज्ञानरूप है इसको अविद्या कहते हैं ।
७६	अन्धकार	अन्धेरा	कुछ ना दीखना ज्ञान न रहना ।
७७	अप्राणी	जिसमें जीवनहीं	जैसे वृक्ष,पहाड,आदि बेजान हैं
७८	अवस्थान्तर	सूरत का बदल कर दूसरा हो जाना	जैसे मिट्टी से घडा दूसरी सूरत है ।
७९	अविरोधी	जो विरोधी न हो	जो अनुकूल हो ।
८०	अनादि सान्त	आदि रहित अन्त सहित	जो उत्पन्न न हो और नाश न हो उसको अनादि सान्त कहते हैं ।
८१	अन्तः करणस्थ चिदाभास	अन्तः करण में रहने वाला चेतन का आभास	चित्त बुद्धि मन अहङ्कार को मिलाकर जो सूरत बने उसको अन्तःकरण कहते हैं ।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
			चेतन उसका नाम है जिसमें क्रिया करने कराने की शक्ति हो अभासनाम परछावें का है जिस को प्रतिबिम्भ, साया, आक्स आदि नामों से बोलते हैं।
८२	अनुत्पन्न	जो उत्पन्न न हो	जो कभी जन्म न ले (पैदा न हो) उसको अनुत्पन्न कहते हैं। जैसे ईश्वर जीव, जगत का कारण।
८३	अमृत	एक प्रकार का जल जिसको पीकर ना मरे यज्ञ की आहुतियों से बचे हुवे भात आदि को भी अमृत कहते हैं	इस श्लोक में भातयज्ञ शेषको अमृत कहा है। यथा— विघसा शीभवेन्नित्यं नित्यं चामृत भोजनः। विघसो भुक्तशेषं स्याद्यज्ञ शेष प्रथा मृतनम् इति मनुस्मृति।
८४	अद्वैत सिद्धि	जिसमें दूसरे की सिद्धी न हो एक ब्रह्म की ही हो	एक ब्रह्म को मानकर उसे होने तथा और वस्तुओं को कल्पित और झूठी रस्सी में सांप की तरह से बतलाने को अद्वैतसिद्धी कहते हैं इसको भाषान्तर में वहदत का सबूत कहते हैं।
८५	अद्वितीय	जिसकी बराबर दूसरा कोई न हो	भाषान्तर में लाशानी कहते हैं। जैसे ईश्वर के बराबर कोई नहीं है वह अद्वितीय है।
८६	अतिरिक्त	दूसरा १ आल-	जो एक न हो उनमें अतिरिक्त

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
		हिदा २ न्यारा ३ अहु ४ अलग	भाव रहना है। जैसे अमृतसर से लाहौर अलग है इसको अतिरिक्त कहते हैं।
८७	अपेक्षा	आवश्यकता जरूरत वा आमने सामने मुकाबला	दिन के होने से रात का ज्ञान होता है यदि दिन न हो तो रात को कौन जान सके वा नाम धर सके अपेक्षा शब्द भी इसी प्रकार के शब्दों में वर्तता है। जैसे दिन की अपेक्षा रात और रात की अपेक्षा दिन होता है। इत्यादि।
८८	अहङ्कार	अपने आपको बडा मानना	इसको भाषान्तर में खुदी कहते हैं।
८९	अविकारिणी	जो विकार विगाड करने वाली न हो	जो खराबी न करे।
९०	अवस्थान्तरयुक्त	वदलने वाली अवस्था से मिला हुआ	इसको परिवर्तन शील भी कहते हैं। भाषान्तर में हालत बदलने वाला कहते हैं।
९१	अद्भुत	जो कभी न देखा न सुना हो	भाषान्तर (अजीब)
९२	अन्तरिक्ष	अकाश पोल जिसमें शब्द रहता हो	भाषान्तर असमान्।
९३	असंख्यातलोक	जो जीवों की गिनती में न आ सकें इतने लोक	संख्या नाम गिनती का है। जो गिनती न हो उसको संख्या कहते हैं जिसमें चराचर प्राणी और

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
			जड़ादि पदार्थ रहते हों उसको लोक कहते हैं। भाषों बेशुमार मुलक।
९४	अज्ञ	जिसको कुछ ज्ञान नहीं	नादान।
९५	अन्तःकरण	एक शक्ति का नाम है	अन्तःकरण उस शक्ति का नाम है जो चित्त, बुद्धि, मन, अहंकार को मिलकर बने।
९६	अन्तः करणो पाधि	अन्त करण से छिपा हुआ	,, ,, ,, ,,
९७	अन्तः करणावच्छिन्न	,, ,, ,,	अन्तःकरण से मिले हुये का नाम अन्त करण वच्छिन्न है।
९८	अत्यन्त विच्छेद	बहुत ही अलग	ईर्त फाकुली।
९९	अहोरात्रि	दिन रात्री	अह दिन और रात्रि रात का नाम है। दोनों को मिलकर अहो रात्री बना।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
१००	अन्त	अवसान आखिर	जो वस्तु जिस स्थान से आगे को न हो उसका नाम अन्त है।
१०१	असीम सामर्थ्य	जिस सामर्थ्य की सीमा नहीं	भाषान्तर (वेहद ताकत)
१०२	अस्थि पर्यन्त	हड्डी तक	अस्थि हड्डी का नाम है।
१०३	अनुबन्ध	सहारा देने वाला	(मददगार)
१०४	अधिकारी	स्वामी मालिक जिसको अधिकार हो।	भाषान्तर (हकदार मुस्तहिक)
१०५	अधर्म युक्त	खोटे कामों में लगा हुआ	काफिर
१०६	अत्यन्त कामात्मा	जिसकी आत्मा विषय में बहुत फंसी हो	(इफ़रात शहवत)
१०७	अपमान	मानका घटना निरादर होना	इज़्ज़त उतरनी (ज़िल्लत होनी)
१०८	अन्तरभाव	छिप जाना गुवाच जाना अन्दर ना विचार	,, ,, ,, ,,
१०९	अनाचार	जो आचार से विरुद्ध हो	आचार अच्छे कामों में लगने को कहते हैं। जैसे वेदादि का पठन सत्य बोलना आदि।
११०	अतिवृष्टि	बहुतवर्षा होना	अत्यन्त बारिष होना।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
१११	अतिताप	अधिक गर्मी (वड्ड)	बहुत धूप पड़ना।
११२	अभिष्ट	जिसकी अभिलाषा हो जो इष्ट हो	मतलूबा।
११३	अप्रचार	प्रचार का न होना	रिवाज न देने का नाम अप्रचार है।
११४	अप्रवृति	जो प्रवृति न हो अदम रिवाज	वार्ता:, प्रवृत्ति:, वृतान्त, उदन्त यह चारों पर्य्याय हैं। और प्रवाह वृत्ति यह दोनों नाम निरन्तर गमन के भी हैं।
११५	अविद्यान्धकार	अज्ञान रूपी अंधेरा	जहालत का अंधेरा।
११६	असाध्य	जिसका कोई साधन न हो सके	बेकाबू।
११७	अदण्डय	जो दण्ड देने योग्य नहीं	सजा के नाकाबिल।
११८	अपशब्द	बुरा शब्द	गाली का कलाम।
११९	अवसर	समय	वक्त मौका!
१२०	अध्यास	उलटा समझना	एक वस्तु को उसके विरुद्ध उलटा समझना अध्यारोपया अध्यास कहाता है। जैसे रस्सी को सर्प जानना।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
१२१	अनिर्वचनीय	जो कहने में न आवे जिस की कोई सूरत नहीं बतला सके	
१२२	अवकाश	फुरसत	
१२३	अद्यावधि	अबतक	इस समय पर्यन्त ।
१२४	अश्रुपात	आंसू गिरना	अश्करेजी ।
१२५	अधमदाता	नीच दानी	कभी ना सखी जो दान देकर ताना देने वाला कि तुझको हम से लेना ही आता है। हमारा थोड़ा सा काम भी नहीं करता ।
१२६	अकस्मात	अचानक	जिसकी खबर नहीं इत्फाकिया ।
१२७	अनुकरण	नकल उतारना	जैसा एक करे वैसा ही दूसरा करे तो वह अनुकरण करने वाला हुआ ।
१२८	अहितकारक	जो हितकर न हो	बुरा चाहता हो ।
१२९	अपूर्वलाभ	जो लाभ प्रथम न हुआ हो	
१३०	अस्तु	होवे	

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
१३१	आतिरिक्त हस्त	हाथ से अलग	
१३२	अन्यमतस्थ	दूसरे मतवाला	गैर महजब वाले।
१३३	अत्युद्युक्त	कार्य्य करने वा मानने का बड़ा पक्का	निहायत आयाद।
१३४	अदृष्ट	आंखों से छिपा हुआ	(गायब)
१३५	अगाध	वेथाह	जिसकी गहराई का पता नलगे।
१३६	अवलोकन	किसी वस्तु का देखना	
१३७	अनुवाद	एक भाषा से दूसरी बनाना	जैसे संस्कृत से भाषा वा अंग्रेजी बनाई जावे।
१३८	अव्यवहित	व्यवधान से रहित	जिसके बीच में किसी प्रकार की रुकावट (परदा) न हो उसको अव्यवहित कहते हैं।
१३९	अन्योन्याश्रयदोष	दो वस्तुओं में एक के सहारे दूसरी रहने का दोष	यथा—सोहन ने कहा कि यदि मोहन के पुत्र का विवाह होय तो मेरे का होय, और मोहन ने कहा कि जो सोहन के पुत्र का विवाह हो तो मेरे का भी हो अब यह दोनों आपस में एक दूसरे के आश्रय हैं। बस यही दोष है।
१४०	अनवस्था दोष	अवस्था का ठीक न होने रूप दोष	दौर तसल सुल जैसे प्रथम वीज है वाथा उसका भी वीज है वाथा फिर

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
			उसका भी है वा होगा इस ही प्रकार कहते जाओ तो ओड़ हीन मिलेगा इसका नाम अनवस्था है अर्थात् यह बात कभी समाप्त ही [न होगी।
१४१	अक्रिय	ना करने योग्य	बेफेल।
१४२	अधमाधम	नीच से भी नीच	बड़ा कुकर्मी।
१४३	अयुक्त	जो युक्त नहीं अच्छा नहीं	नामुनासिब।
१४४	असार	सार रहित	शक्तिहीन।
१४५	अशक्त	शक्ति रहित	बे जोर।
१४६	अधर	लटका हुआ	पृथिवी आदि से अलग अड्डु इति पाञ्चाले।
१४७	अत्यन्त मूर्छित	जिसको कुछ खबर नहीं	निहायत बेहोश।
१४८	अतिकुपित हुआ	बहुत ही गुस्से में भरा हुआ	बहुत खफा हुआ
१४९	आति शोक	बहुत रञ्ज	
१५०	अनुग्रह	कृपा दया	मेहरवानी।
१५१	अध्ययन	पढ़ना	
१५२	अविधि	जो विधी न हो	कानून के खिलाफ, कायदे से उलटा।
१५३	अन्तर-ध्यान	छिप जाना आंखों के सामने न रहना	गायब होजाना। समाधि लगाने का नाम भी अन्तरध्यान होता है

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
१५४	अभिशेक किया हुआ	तिलक लगाया हुआ	
१५५	असभ्यता	मूर्खता गंवार पन	जहालत शरारत।
१५६	अकारण	विना कराण	बे सबब।
१५७	अर्धाङ्गी	अर्धे शरीर की अधि-कारणी	शास्त्रों में स्त्री को पुरुष व अर्धाङ्गी कहा है।
१५८	अशुद्ध भूत	प्रकृति से अशुद्ध	जिसका स्वभाव ही अशुि वाला हो।
१५९	अधिकार	प्रक्रिया व्यव-स्थापन आज्ञा	हुक्म।
१६०	अनिश्चित	निश्चय न होना	यकीन न होना एतबार न आना।
१६१	अनाभिष्ट	जो इष्ट नहीं माना हुआ नहीं	जिसके प्राप्त करने की भी इच्छा न हो उसको अनाभिष्ट कहते हैं।
१६२	अल्पज्ञ	अज्ञानी	कम समझ।
१६३	अनाप्त	जो आप्त न हो झूठा अधर्मी	
१६४	असाव धानी	सावधान न रहना बेफिकर होजाना	गफलत।
१६५	अमन्तव्य	जो माना हुवा नहीं	जैसे आर्य्य समाज पुराणों को नहीं मानता, इस कारण वह उस

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
			के अमन्तव्य है, और वेद तथा वेदानुकूल ग्रन्थों को मानते हैं वह उनका मन्तव्य है।
१६६	अविद्या युक्त जन	अज्ञानी मनुष्य मूर्ख आदमी	जहालत से भरा हुआ।
१६७	अभिष्ट	चित्त को अच्छा लगने वाला	दिलख्वाह।
१६८	अनीश्वर वादि	नास्तिक जो ईश्वर को नहीं मानते	जैनी आदि ईश्वर को नहीं मानते
१६९	अवसान	समाप्ति	आखिर।
१७०	अयोग्य-व्यवहार	खोटा चलन	अनर्थक बे अर्थ जिसका कुछ अर्थ नहीं बे मायने।
१७१	अज्ञात गंभीर जल	न जाना हुआ गहरा जल	
१७२	अनादि	जो उत्पन्न न हो।	
१७३	अवक्षेपण	नीचे को फेंकना	
१७४	अभिमान	अपने आपको बड़ा मानना	गरूर
१७५	अमुक	फलां	
१७६	अजितेन्द्रिय	जिसकी इन्द्रियें वश में नहीं	

	संस्कृत	भावार्थ	व्याख्या
१७७	अभावना	जो भावना से उलटी हो	अर्थात जो मिथ्या ज्ञान से अन्य निश्चय मान लेना जैसे जड़ में चेतन और चेतन में जड़ का निश्चय कर लेना है उसको अभावना कहते हैं ।
१७८	अर्थापत्ति	जो एक बात के कहने से दूसरी बात [illegible] उसको अर्थापत्ति कहते हैं	
१७९	अजगर	सांप अजदाह	
१८०	अन्तरधान होगया	छिप गया	
१८१	अजा	बकरी	
१८२	असीम	सीमा रहित	सीमा हद का नाम है । वे हद अर्थात आद अन्त रहित ।
१८३	अवयवों में अवयवी	भागों में भागी	जैसे मनुष्य के शरीर में हाथ और आंख कानादि अनेक अवयव है परन्तु इन सर्व अवयवों में अवयवी जीवात्मा ही है इसी प्रकार अन्यत्र जानो ।
१८४	अति दुश्कर	बड़ा कठिन है	

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
१८५	अव्याहत गति	निरन्तर गमन	जैसी पृथिवी सूर्य्यादि की गती है वा मनुष्य के श्वास की गती है इस प्रकार की गती को अव्याहत गती कहते हैं।
१८६	अप्रतिष्ठित	आदर रहित	छिपा हुआ।
१८७	आतिवृष्टि	बहुत वर्षा	
१८८	आति ताप	बहुत गर्मी	
१८९	आति शीत	बहुत शर्दी	
१९०	अश्वतरी	अग्नियान अग्नबोट	
१९१	अस्वयंबर विवाह	स्वयं वररहित विवाह	
१९२	असूया	गुणों में दोष और दोषों मे गुणा रोपण	

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
	आ	आ	आ
१	आधार	आश्रय सहार	
२	आत्मयोगी	आत्मा में ध्यान लगाने वाला मनुष्य	आत्मा दो प्रकार का है जीवात्मा परमात्मा जो जीवात्मा परमात्मा का ध्यान करता है उसको आत्मा योगी कहते हैं।
३	आध्या-त्मिक	शरीर के अन्दर से ही दुःख उत्पन्न होना	जो दुःख आत्मा और शरीर में अविद्या राग द्वेश मूर्खता और ज्वरादि पीड़ा का होता है उसको आध्यात्मिक कहते हैं।
४	आधिभ-वतिक	जो दुःख प्राकृतिक वस्तुओं से प्राप्त हों	जैसे शत्रुओं तथा व्याघ्र सर्पादि से उत्पन्न होते हैं।
५	आधिदैवक	देवगति से उत्पन्न होने वाले दुख	अधिक वर्षा, होने वा न होने और अग्नि के लगने से जो दुःख प्राप्त हों उनका नाम आधिदैविक है।
६	आधूनिक ग्रन्थ	नवीन पुस्तक	आधूनिक वह पुस्तक है जो वेदानुकूल नहीं, थोड़े काल के बने हुए।
७	आर्षग्रन्थ	ऋषियों के बनाये हुए पुस्तक	शथपथादि ब्राह्मण, गोभिलयादि गृहसूत्र, दशोपनिषद मनुस्मृति आदि ग्रन्थ मिलावट को छोड़ आर्ष हैं।

	संस्कृत	भापार्थ	व्याख्या
८	आभूषण	गहना	जेवर सजाने का सामान।
९	आलस्य	सुस्ती	
१०	आवृत्ति	अभ्यास	एक काम को बहुत बार करने का नाम आवृत्ति है।
११	आज्ञादाता	आज्ञा देने वाला काम करने को कहने वाला	इजाजत या हुकम देने वाला।
१२	आकुञ्चन	सुकड़ना	फैले हुए का एक स्थान में आजाना।
१३	आशय	किसी बात का ठीक अर्थ	जिसको भावार्थ वा मतलब कहते हैं।
१४	आकृति	सूरत चेष्टा	
१५	आवश्यक कार्य्य	बहुत शीघ्रता जल्दी का काम	जिसमें देर लगानी नहीं चाहिये, बहुत जरूरी काम।
१६	आकर्षण	खीचने कीशक्ति	जो शक्ति चम्बुक पत्थर में लोहे को अपनी ओर लाने की है उसको आकर्षण कहते हैं एवम सर्वत्र जानो।
१७	आपत्ति काल	बेबसी कासमय	मुसीबत का वक्त।
१८	आवश्यकता	चाहना जरूरत	
१९	आसक्त	लोभी ग्रस्त	फंसा हुआ।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या।
२०	आप्त पुरुषों के द्वारा	सच्चे आदमियों के जरिये	
२१	आवाहन	किसी को बुलाना	तलब करना, जैसे गवर्मेन्ट अपराधियों को बुलाती है।
२२	आश्रय लेना	सहारा लेना	किसी का सहारा या फौजादि की मदद लेने को आश्रय लेना कहते हैं।
२३	आत्मस्थ	आत्मा में ठहर कर	परमात्मा में ध्यान लगाने को भी आत्मस्थ कहते हैं।
२४	आधार	सहारा थाम्ह संभालने वाला	जिस पर कोई वस्तु धरीजावे और वह थमसके, उसको आधार कहते हैं। जैसे पानी पर नौका, अथवा नौका पर मनुष्यादि, पानी आधार हुआ, और नौका आधेय जानो, और मनुष्य आधेय और नौका आधार जानो।
२५	आधेय	सहारे से रहने वाला।	
२६	आवृत	जिस पर कोई वस्तु आवरण (पर्दा) कररही हो।	पोशीदा जैसे बादलों में सूरज।
२७	आच्छादित	ढकाहुआ, छिपा हुवा।	जो आंखों से न दीखे।
२८	आभास	पर छाया।	साया, अक्स, प्रतिबिम्ब इत्यादि

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
२९	आवरण	रुकावट, वा, परदा ।	जैसे बादलों से सूर्य्य आवर्णित होजाता (ढक जाता) है, तो बादलों को आवरण कहते हैं ।
३०	आय	आना ।	आमदनी ।
३१	आज्ञानुसार	जैसा कहावैसा ही ।	कहने के मुताबक, हस्वल्हुकम
३२	आयुध	युद्ध (लड़ाई) करने के शस्त्र (हथियार)	तलवार, बन्दूक, तमञ्चा, अग्न्यास्त्रियादि को आयुध कहते हैं ।
३३	आर्य्यावर्त देशस्थ	भारत वासी हिन्दूस्तान में रहने वाले ।	हिमालय परवत से बिन्ध्याचल पर्यन्त, अटक से, ब्रह्मपुत्रानदी पर्यन्त, । आर्य्य वर्त देश है ।
३४	आलिङ्गन	प्रसङ्ग	हम आगोश ।
३५	आज्ञाभंग	कहीहुई बातको न मानना ।	हुक्मन मानना ।
३६	आतुर	पीड़ित, दुखी	
३७	आयु भर	सारी उमर,	
३८	आश्चर्य शक्ति	अचम्भे वाला जोर	अजीब ताकत, जैसी ईश्वर ने ऋषि दयानन्द को दी थी, कि थोड़े ही काल में सारे भारत को हिला दिया,और जैसी प्रोफेसर राममूर्ति को है, इस प्रकार की शक्ति को आश्चर्यशक्ति कहते हैं
३९	आग्राही	हठि	हठकरने वाला जिद करने वाला ।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
४०	आरोग्यता	निरोगता	कोई बिमारी न होने का नाम निरोगता आरोग्यता है।
४१	आग्राह करना	हठकरना बेजा तफदारीकरना	
४२	आश्रम	जिनमें अत्यन्त परीश्रम करके उतम गुणों का ग्रहण और श्रेष्ठ कार्य्य किये जावें उनको आश्रम कहते हैं।	जैसे ब्रह्मचर्य्य गृहस्थ, वान प्रस्थ सन्यस्थ।
४३	आर्य्य	श्रेष्ठ स्वभाव वाला।	जो श्रेष्ठस्वभाव, धर्मात्मा परोपकारी सत्य विद्यादिगुणयुक्त और आर्य्य वर्त देश में सब दिन से रहने वाले हैं उन को आर्य्य कहते हैं।
४४	आर्यावर्त देश	भारतवर्ष हिन्दुस्तान	हिमालय, विंध्याचल पर्वत, सिन्धु, नदी, और ब्रह्मपुत्र नदी इन चारों के बीच और जहां तक उन का विस्तार है इन के मध्य में जो देश हैं। उस का नाम आर्य्या वर्त है।
४५	आचार्य्य	जो श्रेष्ठ आचार	

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
		को ग्रहण करावे सब विद्याओं को पढ़ावे उस को आचार्य कहते हैं	
४६	आठप्रमाण	प्रत्यक्ष आदि आठ	प्रत्यक्ष, अनुनाम, उपमान, शब्द एतीह, अर्थापत्ति, सम्भवः, और अभाव यह आठ प्रमाण हैं। इन हीं से सब सत्या सत्य का यथा वत निश्चय मनुष्य कर सक्ता है।
४७	आचार	व्यवहार	
४८	आचरण	वर्ताव	
४९	आत्मा	ईश्वर	अतसा तत्य गमने धातु से बना है। अतति सर्वत्र व्याप नोति इति आत्मा। जो सब जगह व्यापक हो उस का नाम आत्मा है। सो ईश्वर जगत और शरीर में व्यापक है।
५०	आकर	खजाना	कोश
	इ	इ	इ
१	इतर	दूसरा और	
२	इन्द्रिय निग्रह	इन्द्रियों को उनके विषयों से रोकना	आंख' कान, नाक, रसन(जीभ) त्वचा (खाल) यह पांच ज्ञानेन्द्रिय हैं। हाथ, पांव, मुख, गुदा, लिङ्ग,

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
			यह पांच कर्मेन्द्रिय हैं। तथा ११ ग्यारवां मन इन का राजा है, इन ग्यारहों को वश में करने का नाम इन्द्रिय निग्रह है।
३	इच्छित	जिसकी इच्छा हो	जिस की जरूरत हो, मतलब की चीज़।
४	इतरे तरा भाव	एक में दूसरे का अभाव एक में दूसरे का न होना	जैसे अग्नि में पानी के गुण नहीं है।
५	इष्टदेव	माने हुए देवता माबूद	जैसे ईश्वर आर्य्यों के इष्ट देव हैं और सनातनी पाशाणों(पत्थरों) को इष्ट देव मानते हैं। आर्य्य जड़पदार्थों को शिर नहीं झुकाते।
६	इन्द्र जाली पुरुष वत मालूम होता है	भानमति से मालूम होता है वह रूपबासा	जिको अनेक प्रकार के रूप धारण करने आते हों, उस को इन्द्र जाली कहते हैं।
	ई	ई	ई
१	ईर्षा	द्वेश, हसद	किसी के पास धनादि पदार्थ देख मन में दुखी हो।
२	ईक्षण	दर्शन, देखना	विचार और कामना करना।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
३	ईर्षक	ईर्षा करने वाला	दुशमनी करने वाला।
४	ईश्वर	मालिक, रक्षक	जो उत्पातिविनाश रहित, अकाय सर्वज्ञ, सर्वसृष्टि करता, और जिस के गुण कर्म स्वभाव और स्वरूप सत्य ही हैं, इत्यादि गुणों वाला, ईश्वर कहाता है।
५	ईंधन	बालन	लकड़ि आदिकों को (जो जलाने के लियें हों) बालन कहाते हैं।
	उ	उ	उ
१	उपादान कारण	जिसके बिना कुछ न बने	
२	उपयोग	कार्य्य	जैसे यूर्पीन लोगों ने अग्नि आदि पदार्थों से काम ले कर रेलादि चलाकर लोगों को उपकार किया उन को कहते हैं, कि साहिब वलायत वालों ने जड़पदार्थों से कैसा उपयोग लिया है। इत्यादि।
३	उपद्रव	झगड़ा लड़ाई	फ़िसाद।
४	उत्पादक	पैदा करने वाला	माता पिता, या ईश्वर का नाम उत्पादक है।
५	उपदेश	बुरे कामों से हटाकर अच्छे कामों में लागना	

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
६	उपस्थित	जो आंखों के सामने हो	मौजूद ।
७	उन्नतिशील	बढ़ाने वाला, ऊपर को जाने वाला	ऊचा दरजा पाने वालों को उन्नति शील कहते हैं ।
८	उदासीन	उदास रहने वाला	जिस का चित्त नहीं लगता, उस का नाम उदासी है ।
९	उपासनीय	उपासना करने योग्य	जो पूजा सत्कार करने योग्य हो उस को उपासनीय कहते हैं ।
१०	उपाधि	पदी, धार्मिक विचार कुटुम्ब के पालने वाला।	उपाधिः धर्म चिन्ता, द्वेधर्मचिन्तनस्य उपाधिः । और धर्मचिन्ता यह दो नाम धर्म के विचार करने के भी हैं । यह अमर कोष में देख लेना । स्याद् श्यागारि कस्तथि-न्तुय्याधिश्च पुमानय मित्यमरः ।
११	उपाय	युक्ति, इलाज	किसी कार्य्य को सिद्ध करनेके लिये,जो विचारकरने से निश्चित हो उस को उपाय कहते हैं ।
१२	उच्छिष्ट	जो खावे वा पीते शेष बचे जूठा	जैसे हुका जूठा है ।
१३	उच्छेद	किसी वस्तु का काटना	
१४	उपस्थ	मेढ़ लिङ्ग	पुरुष के मूत्र (पेशाब) करने के स्थान को उपस्थ कहते हैं ।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
१५	उपरति	रति त्याग देना	भोग विलासादि को त्याग कर एकान्त से बन करने को उपरति कहते हैं। गोशा पकड़ना कहते हैं।
१६	उन्मत	जिसको अपने शरीर की वा दूसरों की कुछ सुध न हो उनमत होता है	१ शराव पीकर अथवा, जवानी में मर कर जिस पुरुष वा पशु आदि को कुछ अपनी वा और की खबर न रहे उस का नाम उन्मत होता है।
१७	उपमर्दन	अच्छे प्रकार नाश	
१८	उष्णकाल	गमरुत०गरमी का मौसम,(पं) उनाला।	चैत्रादि महीनों का नाम उष्ण काल है। फार्सी मौस।
१९	उपकारक	उपकार करने वाला	दूसरों का भला करने वाला मदद गार।
२०	उपवन	वन के समीप में छोटा वन। वगीचा	जहां वहुत वृक्ष तथा फूल आदि हों उस का बन कहते हैं।
२१	उदार	जो लोभी न हो दान आदि खूब करता हो	हौसले वाला।
२२	उपवास	भूखा रहना, वा उस स्थान में रहना घर छोड़ना	पोपलोग भूखे रहनेको(उपवास) को वृत कहते हैं।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
२३	उपकृत होते	सहारा पाते किये हुवे को मानते	उप कृत होना, दूसरे के किये हुवेउपकार कोमानने और सहारा पाने का है।
२४	उक्तपत्र सम्पादक	कहे हुए अखबार काइडिटर	जिस वस्तु को पहिले कह चुके हों उस का फिर वर्णन आवे तो वहां उस वस्तु का नाम लेकर के केवल (उक्त) शब्द ही दिया जाता है, जैसे यहां अखबार का नाम पहिले बताचुके थे फिर उक्त शब्द ही दिया,फार्सी में,मजकूर।
२५	उतावली	शीघ्रता, जलदी	
२६	उद्वेग जनक सूत्र	उच्चाट उत्पन्न करने वाले सूत्र मन को चञ्चल करने वाले सूत्र	उद्वेगनम्(पोकली वृक्ष के फल) का भी है। (फलमुद्वेग मेतेच इत्यमरः)।
२७	उत्तर	जवाब	किसी के कुछ कहने वा लिखने का बदला कह कर वा लिख कर देने का नाम उत्तर है।
२८	उत्साह	चाव, खुशी	
२९	उक्तवचन	कहा हुआवचन	
३०	उलङ्घन	गुजरना	एक स्थान को छोड़ कर दूसरे पर जा नादि।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
२१	उपाङ्ग	आगे का अंग अर्थात जो मीमांसादि छः शास्त्र हैं उनको उपाङ्ग कहते हैं	
२२	उजियाला	चांदना	
	ऊ	ऊ	ऊ
१	ऊषण	गर्म	
२	ऊन	भेड़ के बाल	
३	ऊर्ध्व	ऊंचा	
४	ऊषरभूमी	ऊंची जमीन	
	ऋ	ऋ	ऋ
१	ऋषि	जो वेदों की ऋचाओं का अर्थ कर उन पर विचार कर उन को ऋषि कहते हैं जैसे स्वामी दयानन्दसरस्वति जी थे।	ऋषन्ति वेद पश्यन्ति इति ऋषयः। इहदर्शन प्रत्यक्षि करण मेव, नचाक्षु ज्ञानम। तथा चोक्त तैतिरिय यजुराणक अज्ञान हवै पृश्नींस्त्पस्या मानान् ब्रह्मस्वयंभ्व ज्यानर्षत ऋषियोऽभवस्न दृष्टिणां मृषित्वम इति, पृश्नी पुरुशान स्वयंभुः प्रमाणान्तरं मनुपजीव्य प्रवृतम् शेषस्यष्टम्। अयमेवाद्यो निरुक्त काराणामपि उक्तम्। यथा

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
			(ऋषिणां मन्त्र दृष्टयो भवन्ति) १ भाष्य ऋषिणां मन्त्र दृष्टयःमन्त्र दर्शनानि भवन्तिविद्यमाना मेवहि मन्त्राणा मृषयो येन केन चिन्न मितननिन्दान भूते, ननिन्दा, हर्ष, शोक प्रशंसादिनामन्त्राणां द्रष्टारो भवन्ति नतुकर्तार इत्यभिप्रायः। भाषार्थ। जिस जिस ऋषि का किसी वेद मन्त्र के ऊपर नाम लिखा है उस ऋषि को उस २ मन्त्र का गूढ़ आशय प्रकाश करने वाला समझो उस को मन्त्र का बनाने वाला मत जानो।
२	ऋतुगामि	एक मास बीतने पर स्त्री प्रसंग करने वाला	ऋतु नाम वर्ष के ६ भागों का भी है, परन्तु यहां उन से मतलब नहीं, यहां ऋतु नाम उस का है जो स्त्रीयों को महीने के महीने योनी के अन्दर से रक्त आता है और वह ३ वा ४ दिन के पीछे बन्द होजाता है उस को बहुदा कपड़े होने वा फूल होना बोलते हैं। जब बन्द होने पर स्नान कर शुद्ध होजाए उस समय एक वार गमन (प्रसङ्ग) करने वाले को ऋतु गामी कहा है।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
३	ऋण	उधार, करज़	
४	ऋतु मती	पुष्पवती	प्रति मास स्त्री की योनी से एक प्रकार का रुधिर आता है उसका नाम ऋतु है वह जितने दिनों आवे उतने दिनों स्त्री ऋतु मती कहाती है। द्वादशाद्वत्सरा दूर्ध्वं मापं चाश त्समाः स्त्रियाः मासि मासि भग द्वारात्प्रकृत्यैवार्तवं स्रवत इति वैद्यक शास्त्रे।
	ए	ए	ए
१	एकार्थ वाचक	एक अर्थ का कहने वाला शब्द	जिस शब्द में से एक ही अर्थ निकले दूसरा न निकले उस को एकार्थ वाचक कहते हैं।
२	एकत्र	एक स्थान में	जो सब स्थानों से एक जगह किया हो।
३	एक अव-काशस्थ	एक स्थान में ठहरे हुए	जो न चल सके (जैसे ईश्वर और जीव एकही अवकाश शरीर ८) में ठहरे हुए हैं।
	ऐ	ऐ	ऐ
१	ऐक्यमत	एक बातको मानने वाले	एक धर्म पर चलने वाले।
२	ऐतद्देशस्थ संस्कृत विद्या	इस देश की भाषा देवबाणी	जिस भाषा में कोई दूषण न हो उस को संस्कृत कहते हैं। इस ही को प्रथम हमारे देश वासी

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
			सब जानते थे, अब भी वेद इस ही भाषा में विद्यमान है।
३	ऐश्वर्य	हुकूमत धन	सुख व आनन्द।
४	ऐतिह्य	इतिहासिक	जो शब्द प्रमाण के अनुकूल हो जो कि असम्भवादि दोषों से रहित हो औरझूठ लेखन हो उस को ऐतिह्य इति हास कहते हैं।
	ओ	ओ	ओ
१	ओ३म्	यह ईश्वर का मुख्य नाम है	अवतीति ओ३म् अवरक्षणे धातु से बनता है, इस कारण, रक्षा करने वाला ओ३म् कहाता है।
२	ओङ्कार	प्रणव	
३	ओष्ठ	होंठ	बुल. इति पाञ्चाले।
४	ओषधी	दवाई	जो रोगों को नष्ट करदे उसको ओषधी, वा औषध कहते हैं।
५	ओदन	चावल	व्रीही भी इसका नाम है।
	औ	औ	औ
१	औरस	सवर्णा स्त्री में उत्पन्न हुआ पुत्र	औरसः उरस्य,(औरस्य इत्यपि) द्वे स्वजाते सवर्णाया मूढ़ायाम स्वस्माज्जाते पुत्रेनतु धर्मादौ इत्यमरस्य टीकायाम्।
२	औषधादि	दवाई आदि	

	संस्कृत क	भाषार्थ क	व्याख्या क
१	कटिवद्ध	कमर बांधकर	किसी कार्य्य को पूरा करने के लिये तन, मन और धन से लग जाने का नाम कटि वद्ध है।
२	कर्तव्य	करने योग्य, जिसके करने में धर्म और नकरने में अधर्म है उस को कर्तव्य कहते हैं	जैसे वेद का पढ़ना, यज्ञ करना और दानका देना तथा दूसरों से दिलाना, ब्राह्मण का कर्तव्य है, इसीप्रकार और अनेक कर्मब्राह्मण तथा अन्य वर्णों के कर्तव्य हैं।
३	कर्तव्या कर्तव्य कर्म	करने और न करने योग्यकाम	जिस के करने में धर्म हो, वह कर्तव्य और जिसके करने में पाप हो वह कर्तव्य कर्म है।
४	कर्म	जो किया जाय उसको कर्म कहते हैं	ऊपरको फेंकना नीचेको फेंकना जैसे धूप में फैलाना, सकोडना, जाना आना आदि कर्म कहाते हैं।
५	कलह	लड़ाई	विरोध रखना।
६	क्लेश	लड़ाई	दुःख
७	कल्पित	कल्पना किया हुवा बनाबाट झूंठा	जैसे चुहे पर हाथी रूप गणेश का चड़ना। माता का पुत्रों को खाना पुराणों में लिखा है इत्यादि को काल्पित कहते हैं।
८	कल्याणार्थ	कल्याण (सुख) के लिये	फायदे के वास्ते

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
९	कर्षित	दुबला, निर्बल, वा खैंचा हुआ	जिस के शरीर की सब हड्डी दीखती हों मांस न हो, उस को कर्षित, कहते हैं।
१०	कर	मनुष्य का हाथ वा सरकारी महसूल	
११	कर्मपत्र	कर्मों का कागज़ जिसमें अच्छा बुरा लिखा जावे	इफासनामा। अमालनामा।
१२	कण्ठस्थ	जो कण्ठ में रहने वाला हो	जो मंत्रादि हैं उन सबको बिना. पुस्तकके देखे ही किसी को सुना देने का नाम कण्ठस्थ है जबानी हिफ्ज।
१३	कठिन	मुशकिल	दुश्वार। मुश्किल। जो बड़ा यत्न करने से आवे।
१४	करुणा	दया	रहम।
१५	कल्पना	झूठ, फर्ज़, बनावट	
१६	कटु	कड़ुआ	खराब बोलना।
१७	कथित	कथन किया हुआ कहा हुआ	
१८	कर्मशंकर		अच्छे बुरे कर्मों से मिला हुवा।
१९	कर्मफल व्यवस्था	किये हुवे कर्मों का फैसला (न्याय)	कानून इफलास के नतायज।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
२०	कथनानुसार	जैसा कहा वैसा ही	हस्ब फर्मान।
२१	कर्मोच्छेद	कर्मों का करना	
२२	कलंकित	कलंक लगाना बदनाम करना	जो बुरा नहीं उसको बुरा बताने का नाम कलंक है।
२	करुणामय	दया का रूप	जिस में हिंसा का ध्यान भी न आता हो, और जीव मात्र के लिये, दया हो उसको, करुणामय कहते हैं।
२४	कथन	जो कहा जाय	बयान।
२५	कलेवर	शरीर	किसी मनुष्यादि की सूरत का शरीर बनानेका नाम कलेवर है।
२६	कण्टक बृक्ष	कांटे वाले वृक्ष	जैसे बबूल बेल, करील, इत्यादि।
२७	कर्ता	करने वाला	जिस के स्वाधीन सब साधन होते हैं वह कर्ता कहाता है।
२८	कयामत, (फा०)	प्रलय	
२९	कदापि	कभि भी	
	का	का	का
१	कामज	काम से पैदा हुआ	

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
२	कारागार	वह स्थान जहां पापियों को रख कर दण्ड दिया जावे	जेलखाना, कैद।
३	कालावयव	समय के भेद काल के टुकडे. (विभाग)	प्रातःकाल सायं कालादि का नाम काला वयव है।
४	काम	इच्छा	इच्छा को काम कहते है, चाहे अच्छी हो वा बुरी, परन्तु यह शब्द अधिकतर स्त्री प्रसङ्ग में बोला जाता है।
५	कामना	इच्छा	लालच।
६	काशाय वस्त्र	भगवे कपडे	गेरू के रंग हुए. जैसे वर्तमान साधू धारण करते है।
७	काराग्रह	बन्दीघर	जेलखाना।
८	कार्योत्पत्ति	कार्य का उत्पन्न होना	काम का शुरु करना।
९	कारण	सबब	जिस से कोई वस्तु बनेवह उस वस्तु का कारण है।
१०	कार्य्य	कारण से जो उत्पन्न हो वह कार्य है	जो किसी पदार्थ के संयोग विशेष से स्थूल हो के काम में आता है, वह कार्य्य कहाता है।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
११	कारसाज	कार्यसिद्धकरता	काम समारने वाला।
१२	कामज	काम से उत्पन्न होने वाले	
१३	कारागार	जेल खाना	
१४	कामों के उपभोग से	नाना प्रकार के विशय भोगने से	
	कि	कि	कि
१	किञ्चित	थोडा सूक्षम	
२	क्रिया	अमल	किसी कार्य्य के करनेको क्रिया कहते है।
३	किंकर	नौकर, भृत्य	
४	क्रियमाण		जो वर्त मान में किया जाता है सो क्रियमाण कहाता है।
५	किन्तु	परन्तु किञ्च इति	बल्के।
	की	की	की
१	कीर्ति	यश, नामवरी	शहरत।
	कु	कु	कु
१	कुचेष्टा	बुरी चेष्टा	मन में पाप धारण करके किसी को देख ने का नाम कुचेष्टा है।
२	कुग्रन्थ	बुरा ग्रन्थ	पुराणादि का नाम है।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
३	कुत्सित	खोटा	
४	कुशोभित,	बुरीसूरतवाला जो देखने में अच्छा न हो।	
५	कुमार,	बालक	बच्चा।
६	कुमारी,	बालिका	लड़की।
७	कुपथ्य,	जो पथ्य न हो	जैसे बुखार में (ज्वर) में स्नान करना कुपथ्य है। बदपरहेज।
८	कुहर	एक प्रकार की धुन्ध	जो बर्सात वा जाड़ों के दिनों में प्रातःकाल आकाश में धूम जैसा प्रतीत होता है उस को कुहर कहते हैं।
९	कुशसंस्तर	दाब का आसन	
१०	कुदार	एक हथियार का नाम है	लोहे का होता है।
११	कुलक्षण	बुरे लक्षण	
१२	कुशल-विद्वान्	चतुर विद्वान	
	कू	कू	कू
१	कूर्म,	कच्छप कछुआ	यह जानवर पानी में रहता है, छूने से पैर हाथ भीतर कर लेता

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
			है। पुराणों में इस को ईश्वर का अवतार माना है।
२	क्रूर,	दूसरे से वैर रखने वाला वा कड़ा	नृशंसो घातुकः क्रूरः पापः इत्यमरः।
१	क्रूश	सूली	
१	क्रमशः।	शन २ सहजः वा नम्बरवार	
२	कृतज्ञता,	किसी के किये उपकार को जानने स्मर्ण रखने का नाम कृतज्ञता है	
१	कृतार्थ,	किये हुवे कर्म का फल मिलजाना	किसी आदमी को जिस काम में अभ्यास करने की आवश्यकता न रहे वह उस काम में कृतार्थ होगया, मतलब को पहुंचना।
४	कृतहानि।	किये हुवे का नाश	
५	कृत्रिम	झूठा, बनावटी	
६	कृतघ्नता,	भलाई को भी बुराई की बराबर मानना	
७	कृतोपनयन	जनेऊ संस्कार हुवा बालक	

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
८	कृतकृत्य	कार्य्य को कर लेना	फरिगुल तहमील।
९	कृशावर्ण	काला वरण	
	को	को	को
१	कोष,	खजाना, संचित धन इकट्ठा	जैसे कुवे में पानी रहता है ऐसे स्थान को कोष कहते हैं।
२	कोलाहल,	कानों के फाड़ने वाली ध्वनी (अवाज) वाशब्द	जैसे मन्दिरों में सुबह शाम ढोल आदि का होता है।
३	कौमार,	थोड़ी आयु वाला पुरुष	कम उमर वाला मनुष्य।
४	क्रोधज	क्रोध से उत्पन्न हुआ	
५	कोमल	नरम मुलायम	
	ख	ख	ख
१	खगोल,	आकाश का जुगराफिया	जिस में सूर्य्य चन्द्र और तारा गण का सपष्ट वृतान्त हो खगोल कहते है।
२	खः पुष्प	आकाश का फूल	
३	खण्डन,	तोड़ना	दूसरे के माने हुए पुस्तकों वा उस की बातों को अपने मन्तव्य के बल से झूठा सिद्ध करने का
४	खलड़ी,	त्वचा खाल	

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
			नाम खण्डन है।
५	खनना,	मूत्रेन्द्रिय के मुख पर की खाल के काटने को कहते हैं।	
	ग	ग	ग
१	गर्भाशय,	बच्चे दान, बच्चे के रहने का स्थान	स्त्री के उदर में उस स्थान का नाम गर्भाशय है जिस में बच्चा ९ मास पलता है।
२	गर्भपातादि।	गर्भाशय में बच्चे का ९ मास से पहिले उत्पन्न होकर मर जाना आदि	पूरे ९ नौ मास तक बालक का गर्भ में न रहने का नाम गर्भ पात है।
३	गर्भिणी	जिसके पेट में बालक हो उस का नाम गर्भिणी है	हमल वाली।
४	गणनीय	गणना करने योग्य	गिन ने योग्य १-२-३ आदि व्यवहार जिस में हो उस को गण नीय कहते है।
५	ग्रहणकरे,	लेलेवे	कबूल करे।
६	ग्राहक	ग्रहणकरने वाला लेने वाला	

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
७	गम्भीर	गहरा	तथा शान्ति वाला पुरुष ।
	गा	गा	गा
१	गाथायुक्त	कथा मे मिला हुआ	उस ग्रन्थ का नाम, गाथा युक्त है जिस मे कि मनुष्य का इतिहास दिया हो ।
२	ग्रामीण,	गांव के रहने वाला पिण्ड का रहने वाला	देहाती, पिण्ड पंजाब में ग्राम को, कहते है ।
	गु	गु	गु
१	गुण,	जो द्रव्य के आश्रय हो रूप रस, गन्धादि २४ का नाम गुण है	जैसे अग्नि में रूप और तेज, जल मे रस और शीत पृथवी में गन्धादि इन का नाम गुण है ।
२	गुप्त,	छिपा हुआ	
३	गुरू,	बड़ा पढानेवाला	माता पिता, और जो सत्य का ग्रहण करावे, और असत्य को छुडावे, वह भी गुरु कहाता है तथा भारी पदार्थ को भी गुरु कहते है ।
४	गुह्याङ्ग	छिपे हुवे अङ्ग	
५	गुरुत्व	भारी पन	
६	गुप्तेन्द्रिय,	पुरुष का लिङ्ग तथा स्त्री की योनी को गुप्तेन्द्रिय कहते है	लघु शङ्का, (पेशाब) करने की इन्द्रिय को गुप्तइन्द्रिय कहते है ।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
७	गुणातीत,	गुणों से न्यारा	गुणों से अलग अर्थात सबगुणों के स्वभावो में न फंस कर महा योगि हो के मुक्ती का साधन करने वाले को गुण तीत कहते
८	गुप्तस्थान	छिपि हुईजगह	जिस स्थान में चोर छिप सके उस को गुप्त स्थान कहते हैं। और मूत्र के स्थान का नाम भी गुप्त स्थान है।
९	गृहीत,	लिया हुआ	(अख्त्यार)
१०	गृहीता,	लेने वाला	
११	गृहकृत्य,	घरके कार्य्य	
१२	गोधूम	गेहूं-कनक इति पाञ्चाले	
१३	गौण,	साधारण, मामूली, छोटा, नीचा,	
१४	गोलक	एक प्रकार का पुत्र बराबर स्थान, गोला भूमिका।	मृते भर्तरि गोलकः इत्यमरः पती के मरे पीछे जो सन्तान हो उस को गोलक कहते हैं। शरीर का नाम भी गोलक है।
१५	गुप्तव्यवहार	छिपि हुई बातें	

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
	घ	घ	घ
१	घृणा,	ग्लानी,नफ़रत,	किसी बुरी वस्तु को देखने से जो चित्त, बुरा होजाता है उस का नाम घृणा है।
२	घुणाक्षर न्याय	न्यायशास्त्र में यह एकप्रकार का न्याय प्रसिद्ध है।	किसी लक्कड़ को घुण (कीड़ा) लगे, और उस लक्कड़ में कोई अक्षर सा बन जावे इस का नाम घुणाक्षर हुआ, यह कीडा अक्षर बना नहीं जानता था, परन्तु तब भी बन गया।
	च	च	च
१	चतुष्कोण,	चार कोण वाला	(मुरब्बा)
२	चर्णारविन्द	चारण, कमल	
३	चर	जो चल फिर सकते ह।	मनुष्यादि को चर कहते हैं।
४	चतुर्थ,	चौथा	
५	चक्रवर्ती-राज्य	सर्व भूमी का राज्य	सारी पृथवी का राज्य।
६	चतुष्पद,	चार पद वाले को चतुष्पद कहते हैं	

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
७	चिरस्थाई,	बहुत दिनों तक रहने वाला, चिदाभास	चेतन का साया।
८	चेष्टा,	किसी कार्य्य के करने का विचार	सूरत, आकृति को चेष्टा कहते है।
९	चुम्बुक,	एक प्रकार का पत्थर	जो लोह को अपनी ओर खींचले उसको चुंबुक कहते हैं। (मकनातीस) (मज़रूह)
१०	चेतनमात्र	जीवधारी जिनमें जीव रहता हो वेही वा उनमें ही	
११	चैतन्य,	जानदार	
१२	चोखापिसान,	अच्छा आटा	
१३	चिलकतीहै	चमकती है	
१४	चारण	भाट आदि	जोकि कवित्त दोहादि बनाकर मनुष्यों की प्रशंसा करते हैं। उनका नाम चारण है।
	छ	छ	छ
१	छादन	वस्त्र कपड़ा	
२	छिद्र	झरोका छेद	(सूराख)
३	छिन्न भिन्न	तितर, बितर	बिखर जाने, मिले हुए न रहने का नाम छिन्न भिन्न है।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
४	छिद्र द्वारा	छेदके रहा	(सुराख के रास्ते)
	ज	ज	ज
१	जगत	संसार	(इङ्गजङ्गमे भुवने चजगत) इत्यपि । जिसमें दिन रात चरा चलरहे, अर्थात् मरना, और जन्म लेना, हो उसको, जगत कहते हैं ।
२	जगत का कारण	जिससे संसार बने	कौन है परमात्मा ।
३	जलाशय	जिसमें जल रहता हो	तालाव, बावलि आदि को जला-शय कहते है ।
४	जाति वहिश	पंक्ति मे से निकाल देना	पतित करदेने, (छेकदेने) को जाति वहिश कहते है ।
५	जिज्ञासु	कुछ जानने की इच्छा करने वाला	(तालिव)
६	जीवित	जीता हुआ	(जिन्दा)
७	ज्योतिष विद	गणित विद्या को जानने वाला	
८	ज्वलित	प्रकाशित	(चान्दने वाली)
	झ	झ	झ
१	झरना	जहां से पानी गिरता है	

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
	ट	ट	ट
१	टिट्टिभि	टिटीहरी	एक जानवर कानाम टटीहरी है
२	टीका	ग्रन्थ का अर्थ	जो ब्राह्मण अपने मस्तक पर चन्दन की बिन्दी लगाते हैं उसके टीका कहते हैं ॥
	ड	ड	ड
१	डमरू	डौरू, डुगडुगी,	
२	डायन	राक्षसी	मांसादि खाने वाली स्त्री डायन कहाती हैं।
३	डोलण	तरता वा भागता फिरा करता था	
	ढ	ढ	ढ
१	ढक्का	डमरू, डौरू, डुगडुगी	जो बन्दर नचाने वाले बजाया करते ह नट वह ढका कहता है।
२	ढाक वा ढाका	पलाश, छछरा	एक प्रकार का वृक्ष होता है जिस के फूलों का नाम केसू है टेसू भी कहते हैं।
		त	
	तत्पर	करनेको तैय्यार	(आमादाह)
	तम	अंधेरा जड़ता मूर्खता	ज्ञान के न होने को मूर्ख कहतेहैं

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
३	तन्तु	नाता, रिशता वा सूत्र का नाम है	
४	तण्डुल	चावल	
५	तदन्तर	उसके पीछे	उसके बाद।
६	त्वचा	खाल	जिल्द। पोस्त।
७	त्यक्तव्य	छोड़ने योग्य	
८	ताड़न	घुड़कना, मारना	(सजादेना)।
९	तारतम्य	विश्राम हीन पदवी	बे इतवार दर्जा।
१०	तीव्र	तेज़	
११	तीक्ष्ण	तेज़ कठोर	पैनी। क्रोधी।
१२	तीक्ष्ण कोमल	मुलायम नोक दार	
१३	तितीक्षा	सहारना सहन करना	गर्मि हो या शीत दिन हो, सुख दुःख को बराबर जान ने का नाम तितिक्षा है।
१४	तिरस्कृत	तिरसकार किया हुआ	बेइज्जत किया हुआ।
१५	तेजोमय	ज्योति स्वरूप प्रकाशमान जैसा चन्द्रमा	शानदार, रोशन, चांदने वाला।

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
१६	तुरही	एक प्रकार के बाजे का नाम है	
१७	तन्तुवाय	कपड़ा बनाने वाला	जुलाहा
१८	तप्यमान होते हुए	जलते हुवे सड़ते हुवे	क्रोधादि से परिपूर्ण हुए।
१९	तातस्थ्योपाधि	उसमें ठहरने रूप उपाधी	
२०	तत्सहचरितोपाधि		उसके साथ रहने रूप उपाधि।
	द	द	द
१	दंड	दुःख सजा	
२	दण्डनीय	दुःख पाने योग्य वा देने योग्य	(सजा पाने लायक)
३	दण्डाधिकार	दुःख देने का अधिकार	सजाने का अख्त्यार।
४	दण्ड में विनय करना	थोड़ा दुःख देना नर्मि करना	घट सजा देना।
५	दण्डघ्न	दण्ड को न मानने वाला	(बागी)

	संस्कृत	भावार्थ	व्याख्या
६	दर्पण	शीशा जिस से मुख देखा जाता है	
७	दम	इन्द्रियों को वश में करना	
८	दक्षिण दिशास्थ	दक्षिण दिशा में रहने वाला	प्रातःकाल सूर्य की ओर मुख करके खड़े होने से दायें हाथ की ओर दक्षिण दिशा होती है ।
९	दन्तधावन	दातन करना	(मिसवाक करना)
१०	दर्शनीय पदार्थ	देखने योग्य वस्तु	(उम्दा चीज)
११	दास शब्दान्त नाम	जिसके अन्त में दास शब्द हो	छज्जुदास, लल्लुदास, गंगादास इत्यादि ।
१२	दाय भागी	हिस्सेदार	अपने बड़ों के धन में से धन लेने के अधिकारियों को दाय भागी कहते हैं ।
१३	द्वितीय पक्ष	दूसरा भाग वा सामने वाला	
१४	दिव्य गुण	उत्तम गुण	
१५	दीक्षा	गुरुमन्त्र	
१६	दुराचारी	बुरे कार्य्य करने वाला	चोरी, व्यभिचारादि करने वाले का नाम व्यभिचारी तथा दुराचारी है
१७	दुर्ग	किला	
१८	दुराचार	बुराकर्म	बद अमल, खोटा चलन

	संस्कृत	भाषार्थ	व्याख्या
१९	दुर्गन्धमय	सड़ायन्द वाला, बुरीगन्ध वाला	(मुताफ्फिन)
२०	दुर्गन्ध	बुरीगन्ध	(बदबू)
२१	दूशितकरने वाला	बुराई बताने वाला दोष लगाने वाला	(ऐब बताने वाला)
२२	दूत	नौकर	संदेश पहुंचाने वाले को दूत कहते है, स्त्री हो तो दूती कहाती है।
२३	दृढ़स्तम्भ	पक्का खम्भा।	
